RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

# नागौर डेली न्यूज

Email. nagaurdaily0@gmail.com

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 48 | नागौर, 11 जनवरी, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## राजस्थान में 6095 नए कोरोना संक्रमित मामले सामने आये



जयपुर।

राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6095 नए केस मिले हैं। 2 मरीजों की मौत हुई है। इसी के साथ प्रदेश के एक्टिव केस 25 हजार के पार हो गए हैं। राज्य के 33 में से 10 जिलों में 100 से ज्यादा केस मिले हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के संक्रमित होने के बाद उनकी पत्नी सुनीता गहलोत भी पॉजिटिव मिली हैं।

इसके अलावा गृहराज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, जयपुर ग्रामीण से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ और राजसमंद से विधायक दीप्ति माहेश्वरी की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

**जयपुर में मालवीय नगर सबसे बड़ा हॉटस्पॉट :** जयपुर में सोमवार को कोरोना के 2749 मरीज मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा केस मालवीय नगर एरिया के 104 हैं। मालवीय नगर हॉटस्पॉट बन चुका है। मालवीय नगर के अलावा वैशाली नगर 90, विद्याधर नगर 74, टोंक रोड 83, सोडाला 73, सीतापुरा 89, सांगानेर 88, प्रताप नगर 99, पत्रकार कॉलोनी 55, मुरलीपुरा 52, मानसरोवर 88, लालकोठी 73, आदर्श नगर 55, बनीपार्क 53, दुर्गापुरा 87, गोपालपुरा 68, इंदिरा गांधी नगर 83, जगतपुरा 97, जवाहर नगर 67 और झोटवाड़ा में 99 केस मिले हैं। इसके अलावा दर्जनों ऐसे एरिया हैं, जहां 1 से लेकर 50 की संख्या में मरीज मिले हैं।

## डलहौजी में डेढ़ फुट तक ताजा बर्फबारी

### हिमाचल की पर्यटन नगरी को अब सैलानियों का इंतजार



चंबा.

हिमाचल के डलहौजी में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी के बाद अब सैलानियों का इंतजार है। यहां पहाड़ हों या फिर शहर के मेन गांधी चौक, सभी बर्फ से लकदक होकर चमक रहे हैं। बर्फबारी इतनी कि रोड पर खड़ी गाड़ियां भी बर्फ से ढके पहाड़ों जैसी नजर आ रही हैं।

दो साल से कोरोना के चलते यहां का पर्यटन व्यवसाय काफी प्रभावित रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि बर्फ से ढकी डलहौजी पर्यटकों को अपनी ओर खींचेगी। कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहे लोगों को यहां आकर परम शांति का अनुभव होगा।

**गांधी चौक पर डेढ़ फुट तक बर्फ**–डलहौजी में नव वर्ष के साथ ही पहाड़ों पर बर्फबारी का जो दौर शुरू हुआ था, वह अब शहर में भी पहुंच चुका है। डलहौजी शहर में डेढ़ फुट तक बर्फ गिरी है। गांधी चौक, सुभाष चौक के साथ ही अन्य गली चौराहों में बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। आहला, लक्कड़मंडी, कालाटोप और डैनकुंड में डेढ़ से चार फुट तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है।

## देश में 5वें दिन भी 1 लाख से ज्यादा कोरोना संक्रमित केस मिले

नई दिल्ली.

देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर में 1 लाख से ज्यादा डेली केस आना जारी है। लगातार 5वें दिन 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आए। सोमवार रात 8.30 बजे तक देश में बीते 24 घंटे के दौरान 1 लाख 11 हजार 225 नए मामले मिल चुके थे। इस दौरान 36,108 लोग ठीक हो गए, जबकि 248 लोगों की मौत हुई है। हालांकि सबसे ज्यादा चिंताजनक बने महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में सोमवार को नए मामलों की संख्या में कमी आई है।



महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे के दौरान 33,470 नए केस सामने आए, जबकि रविवार को 44,388 केस मिले थे। सबसे अच्छी खबर महाराष्ट्र में महामारी से उबरने वालों की संख्या का दोगुना होना रहा है। रविवार को 15,351 लोगों के मुकाबले सोमवार को 29,671 डिस्चार्ज हुए हैं। इस दौरान 8 लोगों की मृत्यु हुई है। राज्य में अब कुल एक्टिव केस 2,06,046 हो गए हैं। मुंबई में रविवार के मुकाबले 5,286 कोरोना केस कम मिले हैं। बीएमसी के मुताबिक, सोमवार को मुंबई में 13,648 नए केस पाए गए, जबकि 5 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में भी सोमवार को दिल्ली में नए मामलों का आंकड़ा घटकर 20 हजार के नीचे आ गया। पिछले 24 घंटे के दौरान 19,166 नए मामले मिले हैं, जो रविवार के मुकाबले 16% कम हैं। आज 17 लोगों की मौत हुई है। अब एक्टिव केस 65,806 हो गए हैं। हालांकि नेशनल कैपिटल में पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 25% पर पहुंच गया है, जिसे चिंता की बात माना जा रहा है। पश्चिमी बंगाल में भी नए केस का आंकड़ा 20 हजार के नीचे आ गया है। सोमवार को बंगार में 19,286 नए मामले मिले, जो रविवार के मुकाबले 5,001 कम हैं। देश में अब तक 3.58 करोड़ लोग महामारी की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 3.45 करोड़ से ज्यादा लोग ठीक हो चुके हैं। देश में फिलहाल कुल एक्टिव केस का आंकड़ा 7.92 लाख है। अब तक 4.83 लाख लोगों की मौत महामारी के कारण हो चुकी है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। नड्डा ने लिखा, शुरुआती लक्षण दिखने पर मैंने अपना कोविड टेस्ट करवाया। मेरी रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। अभी मैं स्वस्थ महसूस कर रहा हूं। डॉक्टर्स की सलाह पर मैंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में जो भी लोग मेरे संपर्क में आए हैं, उनसे अनुरोध है कि अपनी जांच करवा लें।

### पीएम सिक्योरिटी में चूक पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे जांच, एनआईए ऑफिसर-डीजीपी चंडीगढ़ भी कमेटी में

चंडीगढ़.

पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा चूक मामले की जांच अब सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुआई वाली कमेटी करेगी। इसमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी के आईजी, चंडीगढ़ के डीजीपी, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल और पंजाब के एडीजीपी सिक्योरिटी शामिल होंगे। कमेटी मेंबर्स की डिटेल जानकारी और नाम सुप्रीम कोर्ट के कुछ देर बाद जारी होने वाले आदेश में दिए जाएंगे। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई वाली बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले की जांच कर रही केंद्र और पंजाब सरकार की कमेटियों को जांच आगे न बढ़ाने के लिए कहा है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि पीएम के दौरे पर ब्लू बुक के हिसाब से सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। राज्य में डीजीपी की देखरेख में रूट पर सुरक्षा इंतजाम किए जाने थे, लेकिन इसमें चूक हुई। इस मामले में पंजाब के अफसरों को नोटिस दिया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पंजाब सरकार ने कहा कि केंद्र अफसरों को नोटिस भेजकर धमका रहा है। अगर कोई अफसर जिम्मेदार है, तो उस पर कार्रवाई हो, लेकिन इस तरह के आरोप न लगाए जाएं। पंजाब के एडवोकेट जनरल डीएस पटवालिया ने सुप्रीम कोर्ट से स्वतंत्र जांच कमेटी बनाने की मांग की।



**हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के पास सुरक्षित रखवाए गए थे पीएम दौरे के रिकॉर्ड**–पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पीएम विजिट का रिकॉर्ड कब्जे में लेकर सुरक्षित रखने को कहा था। इसके लिए उन्हें एनआईए के आईजी संतोष रस्तोगी और चंडीगढ़ पुलिस की मदद भी दी गई थी। यह मामला 5 जनवरी का है। जब पीएम मोदी पंजाब में चुनावी रैली को संबोधित करने फिरोजपुर जा रहे थे। रास्ते में प्रदर्शनकारियों ने जाम लगा दिया, जिससे प्यारेआणा गांव के फ्लाईओवर पर उनके काफिले को 15 से 20 मिनट के लिए रुकना पड़ा, जिसके बाद वह बठिंडा वापस लौट आए।

**केंद्र और राज्य भी कर रहा था जांच**–पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक को लेकर केंद्र और राज्य सरकार भी जांच कर रही थी। केंद्र ने इसके लिए सुरक्षा सचिव की अगुआई में इंटेलिजेंस ब्यूरो और एसपीजी अफसरों की टीम बना रखी थी। वहीं, पंजाब सरकार ने सेवामुक्त जस्टिस मेहताब सिंह गिल और गृह सचिव अनुराग वर्मा की टीम बनाई थी।

## पाक पीएम इमरान खान का आरोप, भारत में अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे चरमपंथी समूह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत में अल्पसंख्यकों को चरमपंथी समूहों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है और चेतावनी दी है कि इस तरह का एजेंडा क्षेत्रीय शांति के लिए एक वास्तविक और वर्तमान खतरा है। दिसंबर में उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित एक कार्यक्रम में मुसलमानों के खिलाफ कथित भड़काऊ भाषणों के मद्देनजर इमरान खान ने ट्वीट कर भारत पर हमला बोला। अपने ट्विटर हैंडल पर, खान ने सवाल किया कि क्या भाजपा सरकार भारत में अल्पसंख्यकों, विशेषकर 200 मिलियन मुस्लिम समुदाय के नरसंहार के आह्वान का समर्थन करती है। इमरान ने आगे कहा कि यह सही समय है जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस पर ध्यान दे और कार्रवाई करें। एक अन्य ट्वीट में, खान ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर भारत में अल्पसंख्यकों को लक्षित करने का आरोप लगाया, और कहा कि चरमपंथी एजेंडा हमारे क्षेत्र में शांति के लिए एक वास्तविक और वर्तमान खतरा है। पिछले महीने, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भारत के प्रभारी डीएफेयर को तलब किया था और हरिद्वार सम्मेलन में किए गए कथित घृणास्पद भाषणों पर अपनी चिंता व्यक्त की।

### पुलिस के साथ आ रहे गिरफ्तार युवक की मौत का मामला

## तीसरे दिन हुआ पोस्टमार्टम, भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अंतिम संस्कार

### पुलिस व रेप पीड़िता के परिजनों के खिलाफ एफआरआई दर्ज





सद्दाम रंगरेज/श्यामसुंदर प्रजापत

**कुचामनसिटी/मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** बलात्कार के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार कर कुचामन लाते समय रास्ते में ही युवक की संदिग्धावस्था में मौत हो जाने का मामला सोमवार को शांत हो गया। प्रशासन द्वारा कुछ मांगे मान लिये जाने पर परिजन युवक के शव को मीठड़ी गांव ले आए जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार को एसएमएस हॉस्पिटल में परिजनों व पुलिस टीम के बीच पुलिस टीम व रेप पीड़िता के परिजनों के खिलाफ एसएमएस हॉस्पिटल थाने मेंएफआईआर दर्ज हुई, तब जाकर मामला शांत हुआ। गौरतबल है कि इससे मृतक के परिजन को 50 लाख रूपये देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी रखी गई थी जिसपर सहमती नहीं बन सकी। इस मामले में रविवार को कुचामन थाने के एक हैड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को पुलिसथाना कुचामनसिटी पूरे दिन छावनी बना रहा था। दर्जनों वाहनों में सवार होकर आए सैकड़ों की संख्या में आरएससी के जवान सुबह से शाम तक थाने के बाहर डटे थे।

### ये था पूरा मामला

जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम मीठड़ी के पशु चिकित्सालय के पास रहने वाले सुनील कुमावत पुत्र भवानी शंकर के खिलाफ खारिया कुचामन निवासी एक विवाहिता ने बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवा रखा था। इसी सिलसिले में कुचामन पुलिस की एक टीम आंध्र प्रदेश से सुनील को पकड़कर ला रही थी। पुलिस के अनुसार दौसा के पास युवक की तबियत खराब होनी शुरू हो गई जिसकी जयपुर पहुंचते-पहुंचते मौत हो गई। गौरतलब है कि सुनील तीन भाइयों में सबसे छोटा था, जिसका विवाह कुचामनसिटी में हो रखा था। खारड़िया नावां निवासी युवती ने सुनील के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज करवाया था। युवती का विवाह भी कुचामन के खारिया में हो रखा था।

# नम आंखों से किया शहीद को विदा

## अंतिम यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के अलवास गांव के शहीद मनोहरसिंह सिसोदिया को हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। सोमवार को शहीद का पार्थिव देह सेना की गाड़ियों से सोमवार सुबह डेगाना चांदारुण फाटक के पास राजपूत सभा भवन पहुँचा, जहां अपने लाडले बेटे के अन्तिम दर्शन को हजारों लोग उमड़े। शहीद का पार्थिव शव जैसे ही डेगाना पहुंचा वैसे ही 'शहीद मनोहरसिंह अमर रहे व 'भारत माता की जय' के नारों से आसमान गुंजायमान हो उठा। राजपूत सभा में शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद अन्तिम यात्रा आरंभ हुई, जो पंचायत समिति, कचहरी, तहसील कार्यालय, उपखण्ड कार्यालय, अस्पताल रोड, गायत्री चोराहा, डिप्टी कार्यालय से सदर बाजार, नागौर रोड होते हुए शहीद के पेतृक गांव अलवास के लिए आरंभ हुई।

### हर किसी आंखें हुई नम

अलवास गांव पहुंचते ही शहीद के माता-पिता ओर परिवार वालों ने अपने एकलौते बेटे मनोहर की एक झलक पाने के लिये बेबस हो गये। अपने बेटे का शव को देख शहीद की माता की आंखों से आंसुओं की सरिता बह निकली। मां ने अपने लाल को चुमते हुए भारत माता की जय बोली। इस गमगीन माहौल को देख हर किसी की आंखे नम हो गई। इस अवसर पर शहीद के रिश्तेदारों एवं विधायक विजयपाल मिर्धा सहित जन प्रतिनिधियों ने माता-पिता को ढांढस बधाया। अन्तिम दर्शनों के बाद शहीद मनोहर सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शहीद की पार्थिव देह के साथ आये सूबेदार रवि सिंह, नायाब सूबेदार धर्मवीर सिंह, हवलदार मिलाप चंद, एनके अजय कुमार सहित जवानों मातमी धून के साथ तोपों की सलामी दी। उसके बाद डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा, उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी, तहसीलदार रामनिवास बाना, सीआई सुभाष पूनिया, राजपूत समाज अध्यक्ष अजीत सिंह चांदारुण, सीताराम बिंदा सहित राजपूत समाज के लोग, शहर के जनप्रतिनधि, नेतागण, अधिकारीगण, पुलिस प्रशासन के लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित किया।



गौरतबल है कि रविवार को जैसे ही सेना के हवाले से मनोहर सिंह के शहीद हो जाने के समाचार मिले तो शहीद के परिवार हीं नहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शहीद मनोहरसिंह इकलौते बेटे थे।

वे भारतीय सेना में 39वीं राष्ट्रीय राइफल जम्मू कश्मीर के राजोरी में तैनात थे। मनोहर सिंह गंभीर रूप से बीमार होने के कारण उनका सेना के मिलिट्री अस्पताल जालंधर पंजाब में उनकी किडनी की बीमारी का इलाज चल रहा था।

## सम्पादकीय

# चुनाव और चुनौतियां

**चुनाव** आयोग ने पांच राज्यों– उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश में मतदान सात चरणों में होगा जो दस फरवरी से सात मार्च तक चलेगा। मणिपुर में दो चरणों में सत्ताईस फरवरी और तीन मार्च को वोट पड़ेंगे। बाकी तीन राज्यों में वोट चौदह फरवरी को पड़ेंगे। इन चुनावों का आयोजन इस लिहाज से भी अहम है क्योंकि ये महामारी की तीसरी लहर के बीच हो रहे हैं। हालांकि इससे पहले पिछले साल मार्च–अप्रैल में भी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव करवाए गए थे। तब दूसरी लहर जोरों पर थी। उन चुनावों में कोरोना से बचाव के नियमों की खूब धज्जियां उड़ी थीं और चुनाव आयोग कोई कार्रवाई करता नहीं दिखा था। इस वजह से आयोग को कड़ी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। इसी से सबक लेकर अब चुनाव आयोग ने इस बात का खयाल रखा है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान हर स्तर पर कोरोना से बचाव संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित हो। चुनावों की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। अब देखने की बात यह होगी कि हमारे राजनीतिक दल कितनी जिम्मेदारी और संयम से काम लेते हैं। आयोग की कितनी सुनते हैं। अब तक चुनावी सभाओं में जिस कदर भीड़ उमड़ती रही है, उसके लिए लोगों से कहीं ज्यादा दोषी राजनीतिक दल हैं। पिछले एक महीने में सभी दलों ने महामारी विशेषज्ञों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए चुनावी सभाएं और रैलियां कीं और गैरजिम्मेदारी का ही परिचय दिया। इसलिए आयोग ने इस बार सख्त कदम उठाए हैं। पहला बड़ा कदम आयोग ने फिलहाल यह उठाया है कि पंद्रह जनवरी तक राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी भी तरह की रैली, जनसभा, रोड शो, पद यात्रा, साइकिल रैली और नुक्कड़ सभाओं जैसे आयोजन नहीं कर सकेंगे, ताकि भीड़ जमा न हो पाए।

प्रचार के लिए उम्मीदवारों से डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करने को कहा गया है। घर–घर जाकर भी प्रचार करने की छूट दी है, पर इसमें भी पांच से ज्यादा लोग नहीं जा सकेंगे। हर रैली से पहले न सिर्फ राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को, बल्कि जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, उनकी सरकारों को भी कोविड नियमों की पालन सुनिश्चित करवाने का हलफनामा देना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई होगी। इसलिए अब देखने की बात यह है कि कौन कितनी जिम्मेदारी दिखाता है और आयोग के दिशानिर्देशों को मानता है। कोरोना का संकट तो अपनी जगह है ही, एक और बड़ी चुनौती है। वह यह है कि चुनावों में दागी उम्मीदवारों पर लगाम कैसे कसी जाए। आयोग ने इस बार राजनीतिक दलों से उम्मीदवारों के चयन के अड़तालीस घंटे के भीतर उनका आपराधिक रिकार्ड सार्वजनिक करने को कहा है। खुद उम्मीदवारों को अपने हलफनामे में इसका ब्योरा देना होगा। आयोग ने यह कदम दागी उम्मीदवारों को राजनीति में आने से रोकने के सुप्रीम कोर्ट के प्रयासों के मद्देनजर उठाया है। सोशल मीडिया का दुरुपयोग भी चुनाव आयोग के लिए कम सरदर्द नहीं रहा है। इसलिए राजनीतिक दलों को इसके लिए भी हिदायतें दी गई हैं। देखा जाए तो नियम–कानूनों या दिशानिर्देशों की कहीं कोई कमी नहीं है। संकट तब खड़ा होता है जब राजनीतिक दल आयोग के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए लोकतंत्र को शर्मसार करते हैं और आयोग असहाय महसूस करता है। ये विधानसभा चुनाव आयोग के लिए भी किसी कड़ी परीक्षा से कम नहीं हैं।

# कोरोना काल में चुनाव की कड़ी चुनौती, बेहद संभलकर उठाने होंगे हर कदम

**दूसरी लहर के दौरान हुए विधानसभा चुनावों के वीभत्स निहितार्थ हम सभी ने देखे, जिसमें वायरस तमाम लोगों की जिंदगियां लील गया। वैज्ञानिक साक्ष्य यही दर्शाते हैं कि वायरस के प्रभावित करने की क्षमता केवल उसकी प्रकृति या भयावहता पर ही नहीं, बल्कि वायरस और मानव समाज की अंतःक्रिया पर भी निर्भर करती है। कतिपय अध्ययन इसकी पुष्टि करते हैं कि मात्र आठ प्रतिशत लोगों ने ही कोविड की दूसरी लहर के दौरान 60 से 80 प्रतिशत लोगों को संक्रमित किया था। उसकी तुलना में ओमिक्रोन और भी संक्रामक है। माना जा रहा है कि वह चार से आठ हफ्तों के दौरान चरम पर पहुंचकर महामारी को बड़े पैमाने पर बढ़ा देगा। कुछ रपट बता रही हैं कि संक्रमण दर को दर्शाने वाली आर वैल्यू दूसरी लहर के चरम को भी पार कर गई है।**

**सामाजिक** ढांचे में लोकतांत्रिक व्यवस्था की नैतिक श्रेष्ठता लोकहित सुनिश्चित करने में सत्ता की जवाबदेही पर आधारित है। वहीं लोकतांत्रिक वैधता चुनावी प्रक्रिया से संबद्ध है, जो लोगों द्वारा अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति को संभव बनाती है। एक गतिशील लोकतंत्र के इन आधारभूत अनिवार्य तत्वों को महामारी के इस दौर में कसौटी पर कसा जा रहा है। अकाट्य मेडिकल साक्ष्य और अतीत के अनुभव बिना किसी संदेह के यही स्थापित करते हैं कि चुनावी प्रक्रिया में उमड़ी भीड़ कोविड सुपर स्प्रेडर साबित हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री चेता चुके हैं कि तीसरी लहर के दौरान संक्रमण के मामले पूर्व में अपने चरम के तीन से चार गुना बढ़ सकते हैं। ये एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य आपदा के स्पष्ट संकेत हैं। ऐसे मुश्किल वक्त में हमें कड़े विकल्प भी अपनाने होंगे। समयबद्ध चुनाव राजनीतिक लोकतंत्र का एक अहम अवयव है। वहीं नागरिकों का स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा और भी अनिवार्य तत्व है। वर्तमान परिदृश्य में इनमें टकराव होता प्रतीत हो रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि व्यावहारिक हकीकत यही है कि चुनावों के दौरान कोविड अनुशासन के अनुपालन से ही वायरस का संक्रमण रोक पाना संभव नहीं होगा। कड़े फैसले कभी आसान नहीं होते, परंतु प्रायः ऐसे निर्णय आवश्यक होते हैं। तर्क दिया जाता है कि चुनावों को टालने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को झटका लगता है। सरकारें अपने लिए नियत जनादेश से आगे सत्तारूढ़ रहती हैं। अलोकप्रिय सरकारों के लिए यह 'बिल्ली के भाग से छींका टूटना' जैसा होता है। हालांकि हमने यह भी देखा कि जुलाई 2020 में कोविड के कारण 31 देशों में विभिन्न स्तर पर चुनाव अस्थायी रूप से टाल दिए गए।

भारत के मामले में यही दलील दी गई कि चुनाव टालना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। यह संविधान संशोधन से ही किया जा सकता है। उसके लिए व्यापक राजनीतिक सहमति आवश्यक होती है, जो कि दुर्लभ है। इससे राष्ट्रीय लक्ष्यों की पूर्ति में संवैधानिक लचीलेपन का सवाल उठता है कि अप्रत्याशित स्थितियों में किस प्रकार प्रतिक्रिया दी जाए। वैसे आपातकालीन राष्ट्रीय चिंताओं से निपटने के लिए समय–समय पर संविधान संशोधन का सहारा लिया गया है। ऐसे में संविधान में 'भयावह राष्ट्रीय मेडिकल आपातकाल' के आलोक में संशोधन कर राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल में अस्थायी विस्तार की शक्ति संसद या चुनाव आयोग को दी जाए। राजनीतिक नैतिकता यही मांग करती है कि हम अनुभव से सीखें और राजनीतिक लाभ को लेकर गलत विकल्पों और महत्वाकांक्षा से विलग रहें। कुछ राज्यों ने कोरोना से निपटने के लिए स्थानीय प्रतिबंधों के अलावा नाइट कर्फ्यू और वीकेंड कर्फ्यू जैसे विकल्प अपनाए हैं, जो स्पष्ट रूप से वर्तमान स्थिति में विधानसभा चुनावों के आयोजन से बिल्कुल असंगत हैं। एक ओर लाकडाउन और दूसरी ओर चुनावी गतिविधियों की अनुमति एक प्रकार का प्रहसन ही है, जो



हमारे नेताओं की मंशा पर सवाल खड़े करता है। असाधारण परिस्थितियों और लाखों नागरिकों की सेहत पर मंडराते हुए खतरे को देखते हुए लोगों के मन में सवाल उठ सकता है कि क्या सुप्रीम कोर्ट इस पर स्वतः संज्ञान लेगा? अदालत ने अतीत में इससे भी कम विकट स्थितियों में राष्ट्रीय मूड को देखते हुए चुनावों के स्थगन को लेकर अपना हस्तक्षेप किया है। जरा विचार कीजिए कि लोगों की सेहत और जीवन की रक्षा के लिए चुनावों को कुछ समय के लिए टालना लोगों की भलाई के लिए कोई भारी कीमत है या इससे हमारा लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। इसके उलट विरूपित चुनावी प्रक्रिया एक विश्वसनीय लोकतंत्र के रूप में हमारी साख पर सवाल खड़े करेगी। मतदाता इसके पात्र हैं कि वे ऐसे परिवेश में मतदान करें जिसमें उन्हें किसी बीमारी के चंगुल में फंसने का कोई डर न रहे। वर्तमान परिदृश्य में जो स्थितियां हैं वे सरकार–चुनाव आयोग द्वारा भयमुक्त स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की पूर्व निर्धारित गारंटी सुनिश्चित नहीं कर सकतीं। इसके लिए सक्षम चुनावी प्रबंधन से लेकर आवश्यक मेडिकल प्रोटोकाल का पालन अपरिहार्य होगा। चूंकि चुनावी प्रक्रिया के जोर पकड़ने में अब चंद दिन ही शेष रह गए हैं तो आवश्यक स्वास्थ्य प्रोटोकाल को लागू करने के किसी उद्देश्यपूर्ण तंत्र का अभाव स्पष्ट दिखता है। साध्य और साधन के बीच संतुलन साधना हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों के समक्ष एक बड़ी चुनौती है।

लोगों को यह जानने का अधिकार है कि चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन के मूल अधिकार और भयमुक्त एवं स्वतंत्र–निष्पक्ष चुनाव में कैसे तालमेल बिठाएंगे? वहीं नागरिकों की संरक्षक के रूप में राष्ट्रीय सरकार जीवन के अधिकार जैसे प्रमुख संवैधानिक मूल्य से क्यों विमुख हो रही है? यह चुनौतीपूर्ण समय 'सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक व्यवहार के अलग ढांचे' की मांग करता है तो मानवीय स्वास्थ्य को मूल लोकतांत्रिक मूल्य के रूप में देखते हुए चुनावों के समय को लेकर मंथन किया जा सकता है। इस समय की विकराल चुनौती के मद्देनजर यह हमारा दायित्व है कि हम व्यापक संवैधानिक लक्ष्यों विशेषकर जीवन के मूल अधिकार के संदर्भ में राष्ट्रीय आकांक्षा पर विचार करें।

## आज का राशिफल

### मेष
धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे।

### वृषभ
शुभ समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

### मिथुन
नई योजना बनेगी। आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

### कर्क
रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

### सिंह
किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा। नौकरी में शांति रहेगी। कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी।

### कन्या
आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### तुला
किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

### वृश्चिक
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है।

### धनु
भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा।

### मकर
व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है।

### कुंभ
विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### मीन
व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। कुबुद्धि हावी रहेगी।

## व्यापार समाचार

### स्वास्थ्य सेवाओं को सामाजिक, लोकतांत्रिक बनाने में स्टार्टअप निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : पीयूष गोयल

नई दिल्ली।



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनिया कोरोना वायरस महामारी से जूझ रही है, स्टार्टअप दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सामाजिक और लोकतांत्रिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने उद्यमियों से मेक इन इंडिया कार्यक्रम को मजबूत करने, भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और नए स्टार्टअप को सलाह देने के लिए भी कहा। उन्होंने यहां 'स्टार्टअप इंडिया इनोवेशन वीक' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ''दुनिया इस महामारी की लगातार आ रही लहरों का सामना कर रही है, ऐसे में हमारे उद्यमियों को स्टार्टअप को और अधिक टिकाऊ बनाने के बारे में सोचना चाहिए ... मुझे लगता है कि हमारे स्टार्टअप दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सामाजिक और लोकतांत्रिक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उद्यम पूंजीपति और वित्त उपलब्ध कराने वाले लोग भी देशभर में नई स्टार्टअप इकाइयों को परामर्श देकर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे मजबूत

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजार में मजबूत बढ़त के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे चढ़कर 74.16 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तेजी के साथ 74.15 पर खुला और फिर थोड़ा गिरकर 74.16 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले 74.34 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत बढ़कर 95.91 पर पहुंच गया।

### स्कोडा ने नयी कोडिएक उतारी, कीमत 34.99 लाख रुपये से शुरू

नई दिल्ली।

वाहन विनिर्माता कंपनी स्कोडा ने सोमवार को अपनी प्रीमियम श्रेणी की एसयूवी कोडिएक का नया संस्करण घरेलू बाजार में उतार दिया। दिल्ली में इसकी शोरूम कीमत 34.99 से 37.49 लाख रुपये के बीच है। स्कोडा के अनुसार नयी कोडिएक में 2,000 सीसी के इंजन के साथ सात गियर दिए गए हैं, जो सभी चार पहियों को शक्ति प्रदान करते है। कंपनी ने कहा कि यह सात सीटर कार कई लक्जरी सुविधाओं के साथ आती है और 7.8 सेकंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है।

## कोरोना का असर : इंडिगो ने 20% उड़ानें रद्द कीं

मुंबई।

इंडिगो ने अपनी 20% उड़ानें रद्द करने का फैसला लिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना की तीसरी लहर से यात्रियों ने ट्रैवल प्लान रद्द करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि पैसेंजर के लिए चेंज फीस 31 मार्च तक माफ कर दी गई है। कंपनी ने एक बयान जारी किया। इसमें उसने कहा कि ओमिक्रॉन की वजह से यात्रियों की संख्या कम हो गई है, इसलिए उसे ऐसा फैसला करना पड़ रहा है। इंडिगो ने कहा कि अगले आदेश तक वह कुल उड़ानों का 20% उड़ानें रद्द कर रही है। चेंज फीस तब ली जाती है, जब कोई यात्री अपनी यात्रा की तारीख को बदलता है। एयरलाइन ने कहा कि कोरोना की बढ़ती संख्या के कारण बड़ी संख्या में इंडिगो ग्राहक अपनी ट्रैवल प्लान को बदल रहे हैं।




**चेंज फीस मार्च तक माफ :** बयान में कहा गया है कि ग्राहकों की जरूरतों के कारण इंडिगो चेंज फीस माफ कर रही। 31 मार्च, 2022 तक की उड़ानों के लिए 31 जनवरी तक की गई सभी नई और मौजूदा बुकिंग के लिए यह ऑफर मुफ्त में दे रही है। इस बजट कैरियर ने कहा कि कम डिमांड के कारण यह कुछ चुनिंदा उड़ान सेवाओं को रद्द करेगा। इसने कहा कि हम अनुमान लगाते हैं कि हमारे वर्तमान ऑपरेशन की लगभग 20% सेवाओं की फिलहाल जरूरत नहीं है।

**72 घंटे पहले रद्द किया जाएगा :** कंपनी ने कहा कि जहां भी संभव होगा, उड़ानों को कम से कम 72 घंटे पहले रद्द किया जाएगा। ग्राहकों को अगली उपलब्ध उड़ान में ले जाया जाएगा। हमारी वेबसाइट के जरिए यात्री प्लान बी (सेक्शन) का उपयोग कर अपनी यात्रा में बदलाव कर सकेंगे। एयरलाइन ने ग्राहकों को डिजिटल चैनलों के इस्तेमाल के लिए उत्साहित किया है।

**पश्चिम बंगाल के रूट पर ज्यादा असर :** कंपनी की ज्यादातर उड़ानें पश्चिम बंगाल, दिल्ली और मुंबई के रूट पर रद्द की गई हैं। दिल्ली और मुंबई से पश्चिम बंगाल के लिए हफ्ते में केवल दो दिन ही फ्लाइट चलाई जा रही हैं। बता दें कि कोरोना में 2020 से एयरलाइंस को पूरी क्षमता से चलाने पर पाबंदी लगाई गई थी। हालांकि, अक्टूबर 2021 में धीरे–धीरे इन पाबंदियों को खत्म कर 100% क्षमता के साथ उड़ान भरने को मंजूरी दे दी गई थी। नवंबर में देश भर में कुल 10.52 मिलियन लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

## अमेजन-फ्यूचर डील विवाद : हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अमेजन सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली।

अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के साथ 2019 में हुई डील मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, स्पेशल लीव पिटीशन शनिवार को दायर की गई थी और इस पर इस हफ्ते सुनवाई होने की संभावना है। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजनल बेंच ने बीते दिनों फ्यूचर ग्रुप को राहत देते हुए अमेजन के साथ सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर में चल रही प्रोसीडिंग्स (मध्यस्थता कार्यवाही) पर रोक लगा दी थी। चीफ जस्टिस डीएन पटेल और जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने सिंगल–जज के उस आदेश पर भी रोक लगा दी थी जिसमें उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए फ्यूचर ग्रुप की दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। फ्यूचर ग्रुप ने अपनी याचिका में अमेजन के साथ सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर में चल रही प्रोसीडिंग्स को अवैध घोषित करने की मांग की थी। फ्यूचर ग्रुप की कंपनी फ्यूचर




कूपन प्राइवेट लिमिटेड और फ्यूचर रिटेल लिमिटेड दोनों ने ये याचिका 3 जनवरी को दायर की थी। जस्टिस अमित बंसल ने याचिकाओं को खारिज किया था। फ्यूचर ग्रुप का कहना था कि देश की एंटीट्रस्ट एजेंसी कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया उसकी और अमेजन की 2019 में हुई डील को सस्पेंड कर कर चुकी है। ऐसे में ये डील लीगल नहीं है। अमेजन और फ्यूचर रिटेल के बीच लंबे समय से डील को लेकर सिंगापुर आर्बिट्रेशन पैनल में सुनवाई हो रही है, लेकिन दोनों पक्ष आर्बिट्रेटर के लिए कुछ फैसलों को लागू करने या रद्द करने के लिए भारतीय अदालतों में केस लड़ रहे हैं।

**कार्यवाही नहीं रुकी तो फ्यूचर ग्रुप को नुकसान :** डिवीजन बेंच ने कहा था कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के साथ–साथ कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया के पारित आदेश को देखते हुए, प्रथम दृष्टया मामला फ्यूचर ग्रुप के पक्ष में है। यदि कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई जाती है तो फ्यूचर ग्रुप को बड़ा नुकसान होगा।

**कोर्ट का अमेजन को नोटिस :** कोर्ट ने अमेजन को भी नोटिस जारी किया था और कहा था कि मध्यस्थता की कार्यवाही के साथ–साथ सिंगल–जज के आदेश पर रोक सुनवाई की अगली तारीख तक लागू रहेगी।

## श्रीलंका ने भारत की सहायता से लक्जरी ट्रेन सेवा शुरू की

कोलंबो।

श्रीलंका ने भारत द्वारा दी गई ऋण सहायता की मदद से देश के तमिल बहुल जाफना जिले को राजधानी कोलंबो से जोड़ने वाली एक लग्जरी रेल सेवा शुरू की है। इस इंटरसिटी रेल सेवा की शुरुआत रविवार को कोलंबो के माउंट लाविनिया उपनगर से उत्तर में जाफना के कांकेसंथुराई बंदरगाह उपनगर तक के लिए हुई। इस तरह रेल सेवा लगभग 386 किलोमीटर की दूरी तय करती है। श्रीलंका में स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसे ''भारत–श्रीलंका संबंधों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर'' बताया। उच्चायोग ने ट्वीट किया, ''रेलवे बुनियादी ढांचे को और मजबूती!! उत्तरी प्रांत के लिए आज शुरू की गई रेल सेवा, श्रीलंका के साथ भारत की विकास साझेदारी के दो प्रमुख स्तंभों को दर्शाती है – बुनियादी ढांचा विकास और देशव्यापी दृष्टि'' श्रीलंका की परिवहन मंत्री पवित्रा वन्नियाराच्ची ने उद्घाटन के दौरान रेलगाड़ी की सवारी की और भारत के उप उच्चायुक्त विनोद के जैकब ने कोलंबो फोर्ट स्टेशन पर उनका स्वागत किया। भारतीय मिशन ने एक बयान में कहा कि श्रीलंका के विकास कार्यों में भारत का कुल योगदान 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जिसमें से करीब 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर की विशुद्ध रूप से अनुदान परियोजनाएं हैं।

# 5 दिन बाद खिली धूप से मिली राहत



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से जारी शीतलहर का प्रकोप सोमवार को कम हुआ। मौसम साफ होने व धूप खिलने से लोगो ने राहत की सांस ली, फिर भी रह-रहकर चल रही तेज ठंडी हवाओं के कारण सर्दी का माहौल बरकरार रहा। सुबह हल्का कोहरा जरूर था, लेकिन धूप भी साथ में निकल गई। इसके कारण सर्दी से काफी राहत है। धूप निकलने से जिले में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं अब न्यूनतम तापमान भी कुछ ऊपर आया है। दिन भर धूप में लोगो को राहत मिली। सूरज उगने के साथ ही सर्दी का असर कमजोर पड़ता गया जबकि रात को कड़ाके की ठंड ने धूजणी छुड़ा दी। खुले में रात बिताने वालों के लिए काफी मुश्किल रहा, लेकिन सुबह होते ही धूप ने आमजन को काफी राहत दी है। वहीं किसानों का कहना है कि सर्दी से फसलों पर रौनक हैं। दिन में धूप निकलने से फसल की ग्रोथ जोरदार है। आगे पाला पड़ने व कोहरा अधिक होने पर भी फसलों में नुकसान होने का डर है।

# व्यापार संघ ने किया पौष बड़ा का आयोजन

अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी स्थित ठाकुरजी मंदिर व मोजिदास की धुणी प्रांगण में पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन मीठड़ी व्यापार संघ द्वारा किया गया, जिसमें भाजपा महामंत्री ओबीसी मोर्चा नागौर देहात बी.एल.गुर्जर व देवनारायण मेला समिति अध्यक्ष पोखरमल गुर्जर, चंद्राराम मेहरा, महेंद्र पंवार, अनिलदास, अभिषेक शर्मा, गोपाल गोड़, श्रवण स्वामी, पवन गोड़, राकेश शर्मा, माया देवी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, जगदीश प्रजापत, चिरंजीव शर्मा, चतुर्भुज शर्मा, प्रहलाद बीरडा, नरेन्द्र चावला, मनीष शर्मा, मदन शर्मा, तिलोक बुरडक, शिवराज, कैलाश जाट, लक्ष्मण सिंह व श्रवण स्वामी आदि व्यापार संघ के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने पौष बड़ा कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

# कोविड नियमों की अवहेलना करने पर होगी सख्त कार्यवाही

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महामारी सतर्क-सावधान जन अनुशासन दिशा निर्देशों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि कुचामन उपखण्ड में तीव्र गति से बढ़ रहे कोविड के नए वैरियंट ओमीक्रोन के संक्रमण को देखते हुए कुचामनसिटी के समस्त शिक्षण संस्थाओं स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, डिफेंस, लाईब्रेरी आदि के प्रबंधकों, व्यापारियों, धर्मगुरूओं, किसी प्रकार का समारोह आयोजकों व आमजन से अपील की गई है कि कोविड के नए वैरियंट ओमीक्रोन के बढ़ते संक्रमण को रोकने हेतु जारी महामारी सतर्क-सावधान जन अनुशासन दिशा निर्देशों की पालना शत प्रतिशत करें, जिससे कुचामन उपखण्ड में बढ़ते संक्रमण को रोका जा सके। यदि कोई संस्था या व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध राजस्थान महामारी अधिनियम 2020 की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# चार दिवसीय गौ रथ यात्रा का हुआ शुभारंभ

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को युवा हिंदू गौ रक्षा सेवा समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय गौ यात्रा का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। यह यात्रा मकराना उपखंड के ग्राम मिण्डकिया के ठाकुरजी के मंदिर से ग्रामवासी श्याम लाल वैष्णव, कुमाराम भाकर, रामकुमार सिंह, छिगन सिंह, भंवर सिंह, मुकेश पारिक, रामसिंह, विक्रम सिंह, सीताराम जाँगिड़, जगदीश सिंह एंव महिलाओं ने गौमाता की पूजा अर्चना कर पंचम गौ रथ यात्रा को रवाना किया। रथ यात्रा में शामिल समिति के सदस्यों ने मार्ग में जगह-जगह रुककर लोगो को गौवँश की बदहाल व दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए जागरूक किया और पोलोथिन का उपयोग नहीं करने की अपील की। इसके साथ कोरोना महामारी को देखते हुए कोविड के नए वेरिएंट से लोगो को जागरूक करते हुए वेक्सिनेशन की दोनों डोज लगवाने हेतु प्रेरित करते हुए कोरोना बचाव हेतु जागरूक किया। साथ ही युवाओं से अपील की मंकर संक्राति के पर्व पर पतंग बाजी ना करें। ताकि पक्षी भी सुरक्षित विचरण कर सके। इस मौके पर समिति के संरक्षक ठाकुर मोहन सिंह चौहान, संस्थापक पूरणमल कुमावत, अंकित तंवर, अध्यक्ष मनीष सांखला, उपाध्यक्ष राघव सौलंकी, सचिव प्रवीण चौहान, श्याम सिंह गुणावती सहित अनेक लोग मौजूद थे। समिति के अध्यक्ष मनीष सांखला ने बताया कि गौ रथ यात्रा मंगलवार को पीड़ित गौवंश सेवा केन्द्र गोपाल गौ शाला मंगलाना रोड़ मकराना से प्रारंभ होकर तहसील कॉलोनी, श्याम कॉलोनी, गायत्री कॉलोनी, आनंद नगर, सुभाष नगर, किशन कॉलोनी, गहलोत कॉलोनी, हॉस्पिटल रोड, नगर परिषद के वार्ड नबर 11 एवं 12 तक के क्षेत्रों से गुजरेगी।

# बस स्टैंड पर डेयरी बूथ रखने का विवाद गहराया

● ऑटो रिक्शा यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन ● रिक्शा हड़ताल व धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

अबू बकर बल्खी




**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूं बस स्टैंड पर डेयरी बूथ रखने को लेकर किये जा रहे विरोध के स्वर अब उग्र होने लगे है। इस मामले को लेकर ऑटो रिक्शा यूनियन ने बड़ी संख्यां में एकत्रित होकर लाडनूँ एसडीएम अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैंड पर रातोरात रखे गए नए डेयरी बूथ को हटाने की मांग की है अन्यथा 2 दिनों बाद ऑटो रिक्शा की हड़ताल करते हुए मुख्य बस स्टैंड पर धरना देने व उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन में बताया कि शनिवार की रात्रि एक दूध डेयरी संचालक ने डेयरी का बड़ा ढाबा ऑटो स्टैंड पर लाकर रखते हुए यहां अतिक्रमण कर लिया है जिससे ऑटो चालकों को अपने रिक्शा खड़े करने में परेशानी हो रही है तथा जैन आश्रम के मुख्य द्वार पर आने जाने वाले भक्तों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा यहां से गुजरने वाली विभिन्न रूट की बसों को मोड़ने व बसों में यात्रियों को बैठने उतरने में भी काफी दिक्कतें आ रही है। नगर पालिका को पहले भी इस बारे में अवगत भी कराया गया था मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते यह विवाद का रूप लेने लगा है। रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष हुसैन खान, सचिव सांवरमल भनावत, भंवरलाल व फिरोज छिम्पा आदि ने बताया कि डेयरी बूथ को अवैध तरीके से रखवाकर यहां एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के चक्कर मे सैंकड़ों लोगों का नुकसान किया जा रहा है। इस बारे में पहले भी दो दिनों पूर्व झगड़े की नौबत बन आई इसके बाद भी नगरपालिका चुप्पी साधे हुए है, जिसके चलते लाडनूँ उपखण्ड अधिकारी को मामले से अवगत करवाया गया है।

डेयरी को यहां से नहीं हटवाया गया तो शहर के सभी ऑटो रिक्शा हड़ताल कर धरने पर बैठने वाले हैं। इसके अलावा यहां जैन आश्रम मंदिर के सदस्य रूबल जैन आदि ने भी यहां मंदिर भवन के सामने किसी भी तरह के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं करने की बात कही है। एसडीएम अनिल कुमार के आश्वसान व पार्षद मुहम्मद नदीम, मुनसफ खान, हाजी सत्तार, इरफान खान आदि द्वारा ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों से समझाईश करने के बाद मामला शांत हो पाया।

# फ्रंट लाईन वर्कर्स ने लगवाया वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज

अबू बकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंट लाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक रोगग्रस्त व्यक्तियों को कोविड वैक्सीनेशन का प्रिकॉशन डोज लगना सोमवार से शुरू हुआ। राजकीय चिकित्सालय लाडनूँ में उपखण्ड अधिकारी अनिल गढ़वाल, बीसीएमओ मूलचंद चौधरी,पीएमओ डॉ.कस्वां एवं टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ. भरत पारीक ने अपना प्रिकॉशन डोज लगवाकर अभियान का शुभारंभ किया। उपखंड अधिकारी अनिल गढ़वाल ओमिक्रोन के बढ़ते खतरे को देखते हुए सभी व्यक्तियों से अपील की जो भी व्यक्ति प्रिकॉशन डोज के लिए योग्य है वो अपना टीकाकरण अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर अवश्य करवाये। डॉ.चौधरी ने बताया 3 जनवरी से 15 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे योजनाबद्ध तरीके से सभी स्कूलों में टीमें भेजकर चिन्हित समूह के बच्चों का टीकाकरण करवाया जा रहा है, साथ ही 18 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों के पहला, दूसरा और प्रिकॉशन डोज लगवाने के लिये उपखण्ड के सभी गांवों के सेशन का आयोजन किया जा रहा है। टीकाकरण प्रभारी डॉ. भरत पारीक ने बताया ब्लॉक में अब तक 18 वर्ष से अधिक उम्र के 172107 व्यक्तियों को पहला डोज एवं 154498 व्यक्तियों को दूसरा डोज का टीका लगवाया जा चुका हैं साथ ही 15 से 17 वर्ष के 7264 बच्चों को को वैक्सीन की पहली डोज लगवाई जा चुकी हैं।

# बच्चेदानी से डेढ किलों की गांठ निकाली

पुखराज तानाण

**छोटी खाटू( नागौर डेली न्यूज़ ) :** छोटी खाटू कस्बे के श्रीकृष्णा हॉस्पिटल मे खिंयाबास निवासी विनोद कंवर उम्र 45 वर्ष का 1.5 किलो की गांठ का सफल आपरेशन किया गया। हॉस्पिटल के मैनेजर ने बताया की खिंयाबास निवासी विनोद कंवर काफी दिनों से बच्छेदानी की गांठ की बिमारी से परेशान थी और पैसो की कमी की वजह से अपना इलाज नही करवा पा रही थी। डॉक्टर अनंत चोपड़ा ने मरीज की तो पता चला की इनकी बच्चेदानी की गांठ को निकालना पड़ेगा। उनके ब्लड प्रेशर हाई होने की भी शिकायत थी।डॉ अनंत चोपड़ा व उनकी टीम ने 2 घंटे की बड़ी मेहनत से डेढ़ किलो की गांठ का सफल ऑपरेशन किया। विनोद कंवर के परिवार वालों ने चिकित्सको की टीम का आभार जताया।

# नटवरलाल वक्ता अध्यक्ष व शिवकुमार अग्रवाल बने सचिव

## भारतीय संगीत सदन की साधारण सभा सम्पन्न





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय संगीत सदन संस्थान की साधारण सभा में संस्था के त्रेवार्षिक निर्वाचन डॅ. प्रशांत तिवाड़ी के सानिध्य में संपन्न हुए। संस्था के संरक्षक श्याम मंत्री के सुझाव और प्रस्ताव पर अध्यक्ष पद पर नटवरलाल वक्ता और सचिव पद पर शिवकुमार अग्रवाल को सर्व सम्मति से पुनः निर्वाचित किया गया साथ ही उपस्थित सदस्यों ने संस्था के पदाधिकारी और कार्यकारी मंडल के चयन हेतु उनको अधिकृत किया।

इससे पहले संस्था के वार्षिक प्रतिवेदन का पठन सचिव शिवकुमार अग्रवाल ने तथा अंकेक्षित लेखा कोषाध्यक्ष प्रदीप आचार्य ने प्रस्तुत किया। मुरारीलाल गौड़ के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से स्वीकार कर 15 नवीन सदस्यों को सदस्यता हेतु आमंत्रित करना तय किया, जिसमें पांच महिलाएं हो। उपाध्यक्ष घनश्याम गौड़ के प्रस्ताव पर आगामी इस वर्ष को संस्थान के क्षति पूर्ति वर्ष के रूप में मनाने ओर सदन के साधक और कलाकारों का एक कार्यक्रम दिल्ली में करवाने का तय किया। भानु प्रकाश ओदिच्य ने चार आर्गन, गिटार पांच हारमोनियम और तबला क्रय करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया।

**कुचामन में राजकीय कालेज ऑफ म्यूजिक एंड क्राफ्ट की स्वीकृति की मांग-** सभी सभासदों ने क्षेत्रीय विधायक एवं सरकारी सचेतक महेंद्र चौधरी को सहयोग हेतु धन्यवाद प्रेषित किया और उनसे अनुरोध किया कि कुचामन में राजकीय कालेज ऑफ म्यूजिक एंड क्राफ्ट की स्वीकृति सरकार से प्राप्त करें। उपस्थित सदस्यों में अनिल माथुर, सुनील माथुर, विमल पारीक, कमल इंदोरिया, संजय कुमार बांसावाला, रविकांत करनवाल, रामनिवास कुमावत, रमेश चावला, महेंद्र मिश्रा, प्रकाश दाधीच, अजीत जैन मुकेश राजपुरोहित और बनवारीलाल मोर के साथ बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# 147 को लगी बूस्टर डोज

## मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी शिविर का हुआ आयोजन

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारोठ में सोमवार को मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 5 चिकित्सकों की टीम द्वारा चिकित्सा संबंधी समस्याओं का निपटारा किया गया। मारोठ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर एस के मीणा ने बताया कि इस विशेष शिविर में जनरल मेडिसिन डॉक्टर श्रवण नायक, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गोपाल सिंह ढाका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इरफान नागौरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ कार्यवाहक डॉक्टर द्वारा मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी शिविर में सेवाएं दी। शिविर सुबह 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारोठ में प्रारंभ हुआ। 60 वर्ष से ऊपर आयु लोगों के सहित फ्रंटलाइन वर्करों के सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 147 बूस्टर डोज लगाई गई।

# भामाशाह राहोरिया ने स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर



श्यामसुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नम्बर 2 में आज कड़ाके की सर्दी के मौसम को देखते हुए जरुरतमंद बच्चो को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शाला प्रधानाध्यापक शिवचरण मीणा ने बताया कि भामाशाह बाबुलाल पुत्र छितरमल राहोरिया ने आज शाला परिसर मे 30 बच्चो को स्वेटर वितरण किया। इससे पूर्व शाला प्रधानाध्यापक मीणा व शाला स्टाफ ने भामाशाह बाबुलाल राहोरिया, स्वरुप चंद पाटोदी, ओमप्रकाश सिंगाड़िया प्रधानाध्यापक गुढा राजावत, ललित कुमार शर्मा, संजय कुमार भार्गव आदि मालार्पण कर स्वागत किया। शर्मा ने भामाशाह राहोरिया का अभिवादन कर स्वेटर वितरण के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही भविष्य में भी सहयोग बनाये रखने की अपील की। इस दौरान शाला प्रधानाध्यापक शिवचरण मीणा, महेश मीणा, किरण, सत्येंद्र सिंह सहित शाला स्टाफ व छात्र छात्राए मौजूद थी।

# अम्बेडकराइट पार्टी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हिंगोनिया ने केंद्र और प्रदेश की सरकार पर किया वार



नागौर(नागौर डेली न्यूज) :

प्रदेश की गहलोत सरकार और केंद्र की मोदी सरकार एक थाली के चट्टे-बट्टे है। दोनों ही सरकारें किसान, मजदूर, गरीब, छात्र, बेरोजगारों के लिए केवल जुमले बाजी करके काम चला रही है। इनके पास अवाम को राहत देने का कोई फार्मूला नहीं है बस जुमलों के सहारे यह सरकारें चल रही है।

अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दशरथ सिंह हिंगोनिया ने सोमवार को नागौर कार्यालय का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। डॉ. दशरथ सिंह ने कहा कि देश में आज गरीब, किसान, मजदूर, छात्र ऐसा कोई वर्ग नहीं जो परेशान नहीं, बावजूद इसके देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सिर्फ जुमलों से काम चला रहे है। उन्होंने कहा कि अंबेडकराइट अब आपके हको की लड़ाई सड़को ओर लड़ेगी। जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोदारा ने कहा कि हम अवाम के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बरवड़, राम प्रसाद बौद्ध, सुनील मेघवाल, राधेश्याम, महेश चौधरी, सतवीर सिद्ध, राहुल सिद्ध सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी(नागौर डेली न्यूज)। अपने हकों को लेकर कोविड स्वास्थ्य कर्मी सरकार के खिलाफ लामबंद है।

सोमवार को शहर के मोतीराम जी कोठी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने अपने बाजू पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। कोविड-स्वास्थ्य सहायक ब्लॉक अध्यक्ष युसूफ खान ने बताया कि हमारी कुछ मांगे है, जिनमें एनएचएम संविदा केडर को स्वास्थ्य सहायकों में शामिल किया जाए, कोविड सहायको की समय सीमा अवकाश व अवकाश का प्रावधान किया जाए, कोविड स्वास्थ्य सहायकों का सम्मानजनक वेतन लगभग 26500 किया जाए, कोविड स्वाथ्य सहायकों का कोविड-19 के दौरान मेडिकल बीमा व अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जाएं, कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने कहा के हमारी इन मांगों पर अगर समय रहते समाधान नहीं किया तो कार्य बहिष्कार एवं उग्र आंदोलन का राजस्थान सरकार को सामना करना पड़ेगा।

इस मौके पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीराम जी की कोठी पर कार्यरत समस्त सीएचए रुपाराम, मोतीराम, पवन जांगिड़, पिंटू जाटोलिया, दीपा कुमारी, पूनम, सूरजभान, नरेंद्र कुमावत, मुकेश कुमावत, राजपाल, आरिफ भाटी, अनवर मौलनी, शीशपाल आदि उपस्थित थे।



# दोनों डोज लगे होने पर ही तहसील परिसर में होगा प्रवेश

हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में उपखंड अधिकारी ब्रह्मलाल जाट द्वारा कॉविड महामारी के मध्य नजर रखते हुए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी द्वारा नावां स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर प्राइवेट व सरकारी बसों का निरीक्षण कर यात्रियों व चालको को कोविड महामारी के लिए जागरूक किया व 2 गज दूरी मास्क है जरूरी का संदेश दिया। जाट द्वारा नावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीनेशन की जानकारी ली गई व सरकारी गाइडलाइन के अनुसार अधिक से अधिक वैक्सीनेशन करने पर जोर दिया। उपखंड अधिकारी ने नावां तहसील कार्यालय में प्रवेश करने पर दोनों डोज वैक्सीनेशन के लगे होना अनिवार्य करते हुए मुख्य द्वार पर रजिस्ट्रेशन में एंट्री करवाना अनिवार्य किया।

# मणियार दम्पत्ति की स्मृति में नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का हुआ आगाज

- मरहूम फातिमा बेगम व इस्माइल मणियार की स्मृति में आयोजित द्वितीय शिविर
- प्रथम दिन 40 रोगियों को किया ऑपरेशन के लिए चयनित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय चिकित्सालय में मरहूम फातिमा बेगम और मरहूम इस्माइल मणियार की स्मृति में सामाजिक संस्था मदरसा इस्लामिया सोसायटी के तत्वावधान और अंधता निवारण समिति नागौर के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा एवं कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का सोमवार को शुभारंभ हुआ। मोहम्मद सलीम मणियार के सौजन्य से आयोजित हो रहे। इस शिविर की औपचारिक शुरुआत मदरसा इस्लामिया सोसाइटी के सदर मोहम्मद सलीम कुरैशी और कुचामन पालिका अध्यक्ष आसिफ खान व उपाध्यक्ष हेमराज चावला ने की। शिविर में राजकीय चिकित्सालय कुचामन के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लुक़मान खान और उनकी टीम प्रमुख नर्सिंग ऑफिसर शाकिर हुसैन, सुमन कुमावत नेत्र सहायक मुरलीधर शर्मा, शिवराज लेब टेक्नीशियन, वसीम कुरैशी, सोहेल कुरैशी और आनंद सेवाएं दे रहे हैं। आयोजन समिति से जुड़े मईनुद्दीन शेख (एमडी) ने बताया कि शिविर के पहले दिन डॉक्टर लुकमान खान की ओर से आए हुए रोगियों की जांच की गई और उनमें से ऑपरेशन के लिए 40 रोगियों का चयन किया गया। आयोजन समिति के जावेद कलाल ने बताया कि मोहम्मद सलीम मणियार की ओर से उनके माता-पिता की स्मृति में आयोजित होने वाला यह दूसरा शिविर है और रोगियों के लिए सभी तरह की सुविधाएं इस शिविर में नि:शुल्क रहेगी। शिविर के आयोजक मोहम्मद सलीम मणियार ने बताया कि शिविर के दौरान सरकार की ओर से जारी कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। आयोजन समिति से जुड़े मुस्लिम एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद शकील कुरैशी ने बताया कि यह शिविर 10 से 13 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें सोमवार को मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन करने के बाद ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर 13 जनवरी को सम्पन्न होगा।

**ये रहे मौजूद**-शिविर के शुभारंभ के मौके पर डॉ. प्रहलाद्र बाजिया प्रमुख



चिकित्साअधिकारी, डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. शकील अहमद राव, डॉ. मोहम्मद सलीम राव, डॉ. राजकुमारी, शिम्भुदयाल कुमावत, लॉयन राम काबरा, लॉयन नरेन्द्र कुमार शर्मा, पार्षद फारूख कलाल, पार्षद अय्यूब शेख, युवा नेता रफीक खान, कॉमरेड अब्बास खान, इमरान देवड़ा मौजूद रहे। शिविर में राजकुमार गौड, मुन्नालाल काछवाल, हबीब मालानी, आसिफ, युसूफ गोरी, युसूफ खान, शोएब गोरी, इस्लाम गोरी, शहाबुद्दीन गोरी, शब्बीर डीजे, लियाकत अली, आसिफ़ मुगल, रफीक, रवि, युवराज सिंह, चन्द्रशेखर, हर्षित, कपिल शर्मा, रुपेश, वेदान्त काबरा, दीन मोहम्मद, रफीक लुहार, सहयोगी के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं।

## चोरी के मामले में पुलिस ने किया एक को गिरफ्तार



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज़ ) :** बड़ी खाटू पुलिस ने चोरी के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हरीराम पुत्र चूनाराम उम्र 45 साल जाति जाट निवासी बालाजीनगर ने थाना में 13 अक्टूबर को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने इस दौरान तलाश संदिग्ध मोबाईल नम्बर व प्रकरण के तहत जांच शुरु की। दिलीप बेड़ा की तलाश कर आरोपी दिलिप बैडा पुत्र भंवरलाल जाति जाट उम्र 25 साल निवासी कठौती से पूछताछ की गई तो अपने साथियों के साथ मिलकर बालाजी नगर, दोतिणा, गावडिया की ढाणी, चौमू आदि स्थानों से मकानों में से सोने चांदी के आभूषण आदि चोरी करना कबूल किया।

## मकराना में मार्बल की आधा दर्जन खदाने ढही



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना मार्बल खनन क्षेत्र में सोमवार को सुबह आधा दर्जन खदाने ढह गई। गनीमत यह रही कि खाने ढहने से किसी प्रकार कोई जनहानि नहीं हुई। मकराना मार्बल के कालानाडा उलोडी रेंज की आधा दर्जन के लगभग खदाने ढह गई है, जिससे खदानों के लिए रखा गया रास्ता भी खानों में ही समाहित हो गया। रास्ते के ठीक पास में ईदगाह की दीवार है, जिसको नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। गनीमत यह रही कि यह खाने सुबह के समय ढहीं है, जिसकी वजह से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पिछले दो दिनों में हुई बारिश की वजह से अगवाड ल्यूज हो गई और खदाने ढह गयी।

## स्टेनोग्राफर नियुक्त होने पर स्वर्णकार समाज ने किया सम्मान



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना के निकटवर्ती कस्बा बोरावड़ में श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज बोरावड़ के तत्वावधान में स्थानीय सबलपुर रोड स्थित स्वर्णकार भवन बोरावड़ में बोरावड़ समाज की प्रतिभा लक्ष्मीकांत पुत्र जयप्रकाश सहदेव को स्टेनोग्राफर पद पर मकराना के सिविल न्यायालय में नियुक्ति मिलने पर माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर नागौर जिला मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था के जिला उपाध्यक्ष नन्दलाल सारडीवाल, जिला सचिव घनश्याम तोषावड, मकराना तहसील महिला अध्यक्ष रंजना सहदेव, तहसील महामंत्री शांतिस्वरूप सहदेव, तहसील उपाध्यक्ष बाबूलाल सहदेव, तहसील सहसचिव रमेशचंद सहदेव, जिला नवयुवक मंडल सदस्य अनुज सहदेव, बोरावड़ समाज अध्यक्ष विनय सोनी, उपाध्यक्ष एडवोकेट अनिल कुमार रोडा, सचिव सुरेश कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार तोषावड, सहकोषाध्यक्ष मदनमोहन सहदेव, सहसचिव सुरेंद्र प्रसाद सहदेव, संरक्षक राधेश्याम तोषावड, योगेश सहदेव, पिंटू (अनिल) सहदेव, हरिप्रसाद सोनी, जयकुमार, दिनेश सहदेव, चैनसुख मौसूण, लक्ष्मण अग्रोया, बजरंग रोडा, राकेश जालू, गोपाल सहदेव सहित समाज बंधु उपस्थित थे।

## नि:शुल्क साइकिले पाकर खिले बालिकाओं के चेहरे

हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** उपखंड मुख्यालय स्थित श्रीमहासुख बियानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नावां उपखण्ड अधिकारी ब्रम्हलाल जाट, नावां सीबीईओ चान्दमल शर्मा, माधव प्रसाद धूत व राम कैलाश मूण्डोतिया द्वारा सोमवार को विद्यालय प्रांगण में कक्षा 9 की सत्र 2020-21 एवं 2021-22 में अध्ययन करने वाली बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा प्राप्त नि:शुल्क साईकिल वितरण किया गया।

उपखण्ड अधिकारी एवं सीबीईओ द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों का निरिक्षण किया गया एवं उपर्युक्त निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्या अर्चना शर्मा के साथ धर्मेन्द्र कुमार, जगदीश राम, सरला शर्मा, संगम, रजनी राजकुमारी, महेन्द्र कुमार, प्रेमा चौधरी, संगीता, सुनिता यादव, सुशीला वर्मा, मुकन सिंह, मोहनी देवी सहित कई कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए अधिकारियों को बांटे पीले चावल और निमंत्रण पत्र

### आज लाउडस्पीकर और डीजे के माध्यम से होगा प्रचार



फखरूद्दीन खोखर

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति मूंडवा के गांव रूण में 12 जनवरी को होने वाले सर्व समाज रक्तदान शिविर के तहत तैयारियां जोरों से चल रही है और युवाओं में उत्साह नजर आ रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्रामीणों ने रक्तदान शिविर के संरक्षक नागौर जिला कलेक्टर, नागौर पुलिस अधीक्षक, नागौर सीएमएचओ, मूंडवा वृताधिकारी, ब्लड बैंक प्रभारी नागौर, तहसीलदार मूंडवा, ब्लॉक सीएमएचओ मूंडवा और कुचेरा थानाधिकारी को पीले चावल और निमंत्रण दिया।

इस मौके पर सभी अधिकारियों ने सर्व समाज द्वारा आयोजित इस शिविर के प्रति खुशी जाहिर की और सराहना करते हुए कहा कि हम सभी इस शिविर में भाग लेंगे। इस मौके पर गांव के सर्व समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आज मंगलवार को लाउडस्पीकर और डीजे के माध्यम से गांव रुण और इंदोकली और जेतमालों की ढाणियों में प्रचार प्रसार पंपलेट बांटकर किया जाएगा।

## राजकीय अस्पताल परिसर व बाहर खड़े बेतरतीब वाहनों से मरीज परेशान

अबू बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनू के सेठ गणपत राय सरावगी राजकीय चिकित्सालय के परिसर के अंदर व गेट के बाहर मनचाही पार्किंग में खड़े आड़े तिरछे वाहनों से यहाँ आने वाले मरीजों व इमरजेंसी सेवा वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के मुताबिक राजकीय चिकित्सालय में एक साईड में वाहनों की पार्किंग के लिए पहले से ही स्थान निर्धारित किया हुआ है। निर्धारित स्थान पर अपने वाहनों को खड़ा करने की बजाय इसका उल्लंघन करते हुए लोग मनमाने ढंग से अस्पताल के अंदर की तरफ गेट नम्बर 1 व इमरजेंसी गेट नम्बर 2 के सामने व बरामदे के आसपास अपने वाहनों को आड़ा तिरछा खड़ा कर चले जाते है, जिससे यहाँ किसी भी समय सड़क हादसों व अन्य मामलों में गंभीर घायलों व मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस या निजी वाहन को रुकने, मरीजों को उतारने उन्हें लाने व ले जाने सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस बारे में चिकित्सा स्टॉफ व नर्सिंग कर्मी अनेकों बार यहाँ अवैध पार्क करने वालों को टोकते भी हैं मगर उनकी सुनने की बजाय किसी की परवाह किये बिना लोग हॉस्पिटल के अंदर तक अपने वाहन लेकर जाना चाहते हैं।



### ढाबे व डेयरी बूथ ने भी बढ़ाई परेशानी

वहीं इसके साथ ही राजकीय चिकित्सालय व ब्लॉक सीएमएचओ कार्यालय के बाहर गेट के पास दोनों तरफ चाय के ढाबे व डेयरी बूथ के खाली कैंटीन रखकर अतिक्रमण कर लेने से यहाँ निजी एम्बुलेंस को खड़ा करने के लिए भी स्थान नहीं बचा जिससे एम्बुलेंस कर्मियों व ऑटो रिक्शा वालों को अपने वाहन आड़े तिरछे खड़े करने पड़ते हैं। नगरपालिका द्वारा स्थान का निर्धारण नहीं किये जाने से वाहनों को खड़ा करने को लेकर यहाँ आये दिन विवाद भी होता रहता है मगर जिम्मेदारों का इस और कोई ध्यान नहीं है।

## सब के सुझावों से ही हो सकता है चहुंमुखी विकास : सरपंच मनोज लोरा

### ग्राम पंचायत नगवाड़ा के आम चौक में ग्राम सभा आयोजित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत नगवाड़ा में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पहली बार ग्राम सभा पंचायत भवन के बाहर आम चौक में आयोजित की गई।

ग्राम सभा का आयोजन सरपंच मनोज लोरा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना आम जनों, वार्ड पंचों के सुझावों से तैयार की गई व ग्राम पंचायत के वार्षिक प्लॉन का अनुमोदन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश धायल ने ग्रामीणों को ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी व लोगो से सुझाव मांगे। सरपंच मनोज लोरा ने ग्रामीणों को ग्राम सभा का महत्व



समझाते हुए ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना के बारे में ग्रामीणों को बताया व कहा कि सब के सुझावों व सहयोग से ही पंचायत का चहुंमुखी विकास हो सकता है। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश धायल, कनिष्ठ सहायक सांवर मीणा, पंचायत सहायक पन्नाराम, पिन्टू शर्मा, रामनिवास बुगालिया, हनुमान पट्टीपंच, भंवर दूधवाल, पूरण जांगिड़, बजरंग बुगासरा, गिरधारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कुचामन पहुंचने पर आचार्यश्री का किया अभिनन्दन

३सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अनुशास्ता, भगवान महावीर के प्रतिनिधि, अहिंसा यात्रा प्रणेता आचार्यश्री महाश्रमणजी अपनी धवल सेना संग नागौर जिले के अनेकानेक गांवों, कस्बों व छोटे-मोटे शहरों को आध्यात्मिक लाभ प्रदान करते हुए तेरापंथ की राजधानी के नाम से प्रसिद्ध नागौर जिले की लाडनूं की ओर प्रवर्धमान हैं। सोमवार को आचार्यश्री महाश्रमणजी प्रात: की मंगल बेला में कुचामनसिटी पहुंचे। कुचामन नगरपालिका कोठारी भवन पर श्री जैन वीर मण्डल कुचामनसिटी के तत्वावधान में जैन समाज व सर्व समाज द्वारा भव्य स्वागत गाजे बाजे के साथ किया । यहां से से जुलूस के रुप में बस स्टेंड अम्बेडकर, सर्किल, डीडवाना रोड अहिंसा सर्किल महावीर मंदिर में महाश्रमणजी का भव्य मंगल प्रवेश हुवा। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष आसिफ खान, उपाध्यक्ष हेमराज चावला, सभी पार्षदगण, गौशाला अध्यक्ष नंदकिशोर बिड़ला, जैन समाज के जयकुमार पहाड़िया, सुमेरमल बज, लालचंद पहाड़ियां, सुभाष पहाड़ियां आदि उपस्थित रहे।

## सिल्वर मेडल विजेता गुड्डी देवी बावरी का विधायक इंदिरा बावरी ने किया सम्मान

### विधायक इंदिरा बावरी ने विधायक कोष से गुड्डी देवी बावरी को स्टेट व नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता तैयारी के लिए 5 लाख राशि से रिकर्व धनुष दिलाने की की घोषणा

मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज)

मेड़ता विधायक इंदिरा बावरी ने सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल विजेता गुड्डी देवी बावरी राजकीय महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष की छात्रा को सम्मानित किया गया। गुड्डी देवी ने विधायक को अवगत कराया कि वह स्टेट व नेशनल खेलने की तैयारी कर रही है, जिसके लिए उसके पास रिकर्व धनुष नहीं है। इसके लिए विधायक इंदिरा बावरी ने गुड्डी देवी की मांग पर विधायक कोष से राशि 5 लाख रुपए से रिकर्व धनुष दिलाए जाने की घोषणा की गई तथा विधायक बावरी ने बताया कि जल्द ही 1 महीने के भीतर छात्रा को आगे की तैयारी के लिए धनुष



उपलब्ध कराया जाएगा ताकि मेड़ता क्षेत्र का खेल में नाम रोशन कर सकें। विधायक इंदिरा बावरी ने गुड्डी देवी का सम्मान करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## रोटरी क्लब ऑफ मेड़ता की ओर से बालिका के लिए सेनेटरी पैड मशीन की भेंट

### रोटेरियन छोटी गहलोत ने अपने स्वयं के खर्चे से की भेंट

मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) :

मेड़ता की सेवा भावी संस्थान रोटरी क्लब ऑफ़ मेड़ता की और से बालिकाओं के लिए चुंदीया के राजकीय विद्यालय में सेनेट्री पेड वेंडिंग मशीन भेंट की गई। जानकारी में क्लब अध्यक्ष राज राठौड़ ने बताया की पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत के उद्देश्य को लेकर रोटरी क्लब ऑफ मेड़ता की टीम ने बालिका शिक्षा के अंतर्गत मेड़ता ब्लॉक के चूदिया ग्राम की बालिका विद्यालय में सेनेटरी पैड डिस्ट्रॉय मशीन भेंट की गई।

रोटरी एडमिनिस्ट्रेटर छोटी गहलोत की ओर से उनके स्वर्गीय पति हरदीप सिंह सरदार की पुण्य तिथि के अवसर पर ये




मशीन बालिकाओं को भेंट की गई ज्ञात रहे की सेवा भावी रोटरीयन छोटी गहलोत समय समय पर सेवा कार्यो के लिए दान करने में हमेशा तैयार रहते हैं तथा सभी को प्रेरित भी करती रहती है।

सोमवार को रोटरीक्लब ऑफ़ मेड़ता की टीम द्वारा सेनेटरी मशीन विद्यालय प्रधानाचार्य भवानी सिंह को 250 बालिकाओं की सामर्थ्य वाले विद्यालय के लिए सौंप दी गई ताकि बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति संबल मिलेगा। मशीन के लिए बालिकाओं और विद्यालय परिवार द्वारा रोटरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया वर्तमान में रोटरी क्लब द्वारा 100 शिक्षार्थीयों वाले सिलाई केंद्र का बखुबी संचालन किया जा रहा है

### आगामी प्रोजेक्ट भी शीघ्र ही गांवों में बच्चों के लिए किया जाएगा

इस अवसर पर अध्यक्ष राज राठौड़, सचिव मंजू जाजु, क्लब ट्रेनर एवं चेयर पर्सन मंजू सोनी, एडमिनिस्ट्रेटर छोटी गहलोत, उपाध्यक्ष ज्योति राठौड़, रंजना व्यास, सीमा शर्मा, सीमा सिखवाल, प्रमिला सिखवाल, सुनीता कंवर, मान कंवर, सुनीता सारडीवाल, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी दधीच, मंजू नागोंरा, गुडी शर्मा, अंजलि सिंह, सोनिया भल्ला, पंकज वैष्णव, सरस्वती टैलर, कुसुम जैन, चंद्रकला नागर सहित विद्यालय कर्मी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com